पाठ–5

# पेड़-पौधों से दोस्ती



यह मुन्नी के घर के पासवाला बगीचा है। कितना सुन्दर बगीचा है। रंग–बिरंगे फूल खिले हैं। हरी–भरी घास दिखाई दे रही है।

**1. आपने भी बगीचों में या अपने आस–पास विभिन्न तरह के पेड़–पौधों को देखा होगा, उनके नाम लिखिए।**

____________ ____________ ____________

2. कुछ पेड़–पौधों के तने बहुत मजबूत होते हैं जबकि कुछ पेड़–पौधों के तने कोमल। अपनी सूची से मजबूत और कोमल तने वाले पेड़–पौधों के नाम छाँट कर लिखिए।

| क्र.सं. | मजबूत तने वाले | कोमल तने वाले |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |

3. कुछ पेड़–पौधे बहुत लंबे–लंबे होते हैं तो कुछ अत्यन्त छोटे। आप अपनी ऊँचाई के आधार पर अपने से बहुत लंबे, अपने बराबर और अपने से बहुत छोटे पौधों को छाँट कर लिखिए।

| क्र.सं. | पेड़–पौधे जो आपसे लंबे | पेड़–पौधे जो आपके बराबर | पेड़–पौधे जो आपसे छोटे |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |

4. आपने जिन पेड़–पौधों की सूची बनाई है उनमें से किन–किन पेड़–पौधों के फल हम खाते हैं और किनके नहीं? तालिका में भरिए–

| क्र.सं. | फल खाते हैं | फल नहीं खाते हैं |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |

5. आप अपनी पसन्द के किसी एक पेड़ का फल सहित चित्र बनाकर रंग भरिए–

## पेड़ से दोस्ती

मुन्नी को बरगद का पेड़ बहुत अच्छा लगता है। वह उसे अपना दोस्त मानती है। उसकी छाया में बैठकर आराम करती है। उसकी डालियों में झूला झूलती है। कभी–कभी देखकर ऐसा लगता है जैसे वह अपने पेड़ दोस्त से बातें भी करती हैं। वह अक्सर उस पेड़ के नीचे बैठकर कुछ–कुछ सोचा करती है।



6. **मुन्नी की तरह आपको भी कोई–न–कोई पेड़ बहुत अच्छा लगता होगा और वो आपका दोस्त होगा। यदि नहीं है तो आप भी अपने पसन्द के पेड़ से दोस्ती कीजिए। उसके बारे में बताइए।**

(i) पेड़ का नाम क्या है?

______________________________________________

(ii) क्या इस पेड़ पर फल लगते हैं?

______________________________________________

(iii) इस पर कैसे फूल लगते हैं?

______________________________________________

(iv) किस मौसम में फूल लगते हैं?

______________________________________________

(v) इसके पत्ते कैसे हैं?

______________________________________________

(vi) अपनी बाँहों में पकड़कर देखिए क्या उसका तना आपकी पकड़ में आ रहा है?

________________________________

(vii) तने को छूकर बताइए कैसा है? (रूखा है, खुरदुरा है, रंग कैसा है....)

________________________________



(viii) इस पेड़ पर अक्सर कौन–कौन से पक्षी बैठते हैं?

________________________________

(ix) इस पेड़ से क्या–क्या मिलता है?

______________________________________________

______________________________________________

7. इसी प्रकार हमारे आस–पास भी बहुत सारे पेड़ हैं जिनसे हमें बहुत कुछ मिलता है। सोचिए, हमें इनके लिए क्या–क्या करना चाहिए?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

8. यदि पेड़ ना हों तो क्या होगा? साथियों के साथ चर्चा कीजिए।

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

CCC